छत्तीसगढ़ शासन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID-19)

# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 16 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज हुए 52 हजार से अधिक सैम्पलों की जांच पॉजिटिविटी दर 9 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर पिछले एक सप्ताह से लगातार घट रही है। आज 16 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 9 प्रतिशत है। 16 मई को प्रदेश भर में हुए 52 हजार 028 सैंपलों की जांच में से 4888 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। बीते 15 मई को प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 11 प्रतिशत थी। विगत 14 मई को प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 12 प्रतिशत और 13 मई को 14 प्रतिशत थी।

- प्रदेश में 15 मई को 11 हजार 475 मरीज कोरोना से स्वस्थ हुए हैं। इनमें से 11 हजार 088 मरीजों ने होम आइसोलेशन में उपचार कराकर कोरोना को मात दी है। कोविड अस्पतालों और कोविड केयर सेंटर्स में इलाज के बाद स्वस्थ हुए 387 मरीजों को डिस्चार्ज किया है।

## कोरोना के लक्षण वाले 13.78 लाख लोगों को वितरित की गई दवा किट

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 13 लाख 78 हजार 045 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामॉल, विटामिन-सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के अच्छे परिणाम आए हैं। इससे पूरे प्रदेश में संक्रमण की रफ्तार को रोकने में मदद मिली है।

**छ.ग. राज्य में कोरोना के इलाज हेतु उपलब्ध बिस्तरों की जानकारी लिंक https://govthealth.cg.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।**

**05 सितम्बर 2020 के बाद हुए कोविड जांच की रिपोर्ट website: www.cghealth.nic.in पर आप देख सकते है।**

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक (15 मई तक) कोरोना के लक्षण वाले पांच लाख 82 हजार 993 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले पांच लाख 80 हजार 547 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले दो लाख 14 हजार 505 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

## 18 से 44 आयु वर्ग का टीकाकरण

**आज दिनांक 16 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 4,75,518 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है।**

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 673 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 55063 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 3379, बीपीएल के 22365, एपीएल के 23091, फ्रंटलाइन वर्कर के 6228 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09

Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 4888 |
| | | कुल | 912477 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 290 |
| | | कुल* | 140430 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 9854 |
| | | कुल* | 656720 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 10144 |
| | | कुल | 797150 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 103593 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 144 | कोविड–19 | 65 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 79 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 52,028

←— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं —→

# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 16-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 123 | 94057 | 11 | 13000 | 376 | 75741 | 88741 | 3643 | 6 | 1673 |
| 2 | राजनांदगांव | 104 | 54484 | 42 | 11838 | 358 | 38841 | 50679 | 3337 | 4 | 468 |
| 3 | बालोद | 121 | 25221 | 38 | 7667 | 372 | 14587 | 22254 | 2640 | 8 | 327 |
| 4 | बेमेतरा | 35 | 18876 | 1 | 3090 | 178 | 13784 | 16874 | 1793 | 3 | 209 |
| 5 | कबीरधाम | 114 | 21544 | 3 | 2106 | 385 | 16000 | 18106 | 3208 | 2 | 230 |
| 6 | रायपुर | 220 | 152910 | 11 | 26938 | 389 | 116112 | 143050 | 6880 | 17 | 2980 |
| 7 | धमतरी | 68 | 24384 | 2 | 2091 | 294 | 19007 | 21098 | 2812 | 2 | 474 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 306 | 38590 | 24 | 7714 | 435 | 24692 | 32406 | 5801 | 8 | 383 |
| 9 | महासमुंद | 136 | 28722 | 9 | 3479 | 285 | 21186 | 24665 | 3752 | 2 | 305 |
| 10 | गरियाबंद | 90 | 18057 | 0 | 3244 | 209 | 12487 | 15731 | 2157 | 1 | 169 |
| 11 | बिलासपुर | 240 | 62777 | 21 | 5757 | 587 | 50304 | 56061 | 5636 | 16 | 1080 |
| 12 | रायगढ़ | 341 | 56600 | 11 | 10240 | 1040 | 36854 | 47094 | 8744 | 16 | 762 |
| 13 | कोरबा | 316 | 50509 | 1 | 3895 | 972 | 39460 | 43355 | 6662 | 7 | 492 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 404 | 51604 | 3 | 6967 | 882 | 35883 | 42850 | 8118 | 16 | 636 |
| 15 | मुंगेली | 174 | 21506 | 0 | 792 | 572 | 15778 | 16570 | 4810 | 1 | 126 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 178 | 10263 | 2 | 573 | 302 | 7102 | 7675 | 2489 | 8 | 99 |
| 17 | सरगुजा | 405 | 27993 | 2 | 2968 | 189 | 19878 | 22846 | 4940 | 2 | 207 |
| 18 | कोरिया | 383 | 21286 | 1 | 1353 | 371 | 14813 | 16166 | 4991 | 6 | 129 |
| 19 | सूरजपुर | 255 | 23174 | 0 | 1723 | 278 | 16306 | 18029 | 5000 | 10 | 145 |
| 20 | बलरामपुर | 204 | 15647 | 1 | 1295 | 369 | 10799 | 12094 | 3458 | 4 | 95 |
| 21 | जशपुर | 220 | 21742 | 5 | 3570 | 345 | 13651 | 17221 | 4370 | 1 | 151 |
| 22 | बस्तर | 108 | 16941 | 5 | 3824 | 41 | 11145 | 14969 | 1827 | | 145 |
| 23 | कोंडागांव | 15 | 10957 | 1 | 1446 | 179 | 8259 | 9705 | 1166 | 1 | 86 |
| 24 | दंतेवाडा | 53 | 8803 | 38 | 3774 | 57 | 4489 | 8263 | 521 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 39 | 5330 | 13 | 2887 | 12 | 2102 | 4989 | 326 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 146 | 21420 | 9 | 2846 | 370 | 14840 | 17686 | 3546 | 3 | 188 |
| 27 | नारायणपुर | 40 | 3046 | 34 | 2037 | 6 | 550 | 2587 | 449 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 48 | 5361 | 0 | 2780 | 1 | 2070 | 4850 | 482 | | 29 |
| 0 | अन्य राज्य | 2 | 673 | 2 | 536 | 0 | 0 | 536 | 35 | | 102 |
| **महायोग** | | **4888** | **912477** | **290** | **140430** | **9854** | **656720** | **797150** | **103593** | **144** | **11734** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

